जैकेट के शेष

कैंसर से हारे इरफान,...

आधारित, हर फिल्मों में उनके डायलॉग बिल्कुल हटकर होते थे। जज़्बा फिल्म का डायलॉग- 'शराफत की दुनिया का किस्सा ही खतम, अब जैसी दुनिया वैसे हम' काफी चर्चित रहा। इसी तरह पान सिंह तोमर का डायलॉग- बीहड़ में बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट मां और तलवार का डॉयलाग किसी भी बेगुनाह को सजा मिलने से अच्छा है दस गुनहगार छूट जाएं खूब चला। अभिनेता इरफान खान का मुंबई के एक अस्पताल में बुधवार को निधन हो गया। वह 54 साल के थे और लंबे समय से एक दुर्लभ किस्म के कैंसर से जंग लड़ रहे थे। उन्हें मंगलवार को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आईसीयू में भर्ती कराया गया था। इरफान को 2018 में न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर हुआ था। उनके परिवार में पत्नी सुतापा और दो बेटे बाबिल और अयान हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित बॉलीवुड जगत की कई हस्तियों तथा राजनेताओं ने उनके निधन पर शोक जताया।

केंद्र ने फंसे लोगों की घर वापसी...

जरुरी होगा और लॉकडाउन के उपायों व दिशा निर्देशों यानि प्रोटोकॉल का पालन के साथ एक-दूसरे से संपर्क किया जा सकेगा। इन ताजा दिशानिर्देशों में इससे पूर्व जारी दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा गया कि कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर देश में प्रवासी मजदूर एवं छात्रों समेत सहित फंसे हुए लोगों के अंतर-राज्य आवागमन को सुगम बनाने के लिए संबंधित राज्यों द्वारा एक दूसरे से परामर्श करने और पारस्परिक रूप से सहमत होने के बाद उन्हें एक से दूसरे राज्य व केंद्र शासित प्रदेश के बीच स्थानांतरित करने की अनुमति दी जाएगी। आदेश में इस बात पर बल दिया गया कि उनके गंतव्य पर पहुंचने पर ऐसे व्यक्तियों का मूल्यांकन स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा किया जाए और उन्हें जब तक होम क्वारंटाइन में रखा जाए, जब तक कि आकलन के लिए व्यक्ति को इंस्टिट्यूशनल क्वारंटाइन में रखने की आवश्यकता महसूस न हो। इसके अलावा उन्हें समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के साथ रखा जाए। इस प्रयोजन के लिए राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया गया है कि वे ऐसे व्यक्तियों को आरोग्य सेतु ऐप का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें, जिनके माध्यम से उनकी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी रखी जा सके और जरूरत पड़ने पर उनका पता लगाया जा सके।

टला खतरा-बच गई धरती...

उन्होंने बताया कि बुधवार को गुजरे क्षुद्रग्रह पर दुनियांभर के वैज्ञानिक नजर बनाये हुए थे। इससे पृथ्वी को किसी तरह का खतरा नहीं होने के बावजूद वैज्ञानिकों ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि परिक्रमण पथ का अध्ययन कर उल्कापिंड के पुनः पृथ्वी की कक्षा से गुजरने का अनुमान लगाया जा सकता है। वहीं सौरमंडल में सुदूर क्षेत्रों से आने वाले इन पिंडों के अध्ययन से सौर मंडल उत्पत्ति से जुड़े अध्ययनों को काफी मदद मिलेगी। साथ ही भविष्य में इससे उल्कापिंडों के अध्ययन को लेकर योजनाओं को तैयार करने में काफी मदद मिलेगी।

10वीं-12वीं की परीक्षा के लिए...

जाए। वहीं, बोर्ड 10वीं और 12वीं की 29 महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षा आयोजित करने को तैयार है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सन्याम भारद्वाज ने कहा, सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं के बारे में हाल में काफी अटकलें लगाई गई हैं। बोर्ड का 10वीं, 12वीं कक्षा के 29 विषयों की परीक्षा लेने को लेकर रूख वही है, जिसकी घोषणा पहले ही की जा चुकी है। बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के बारे में रूख में कोई बदलाव नहीं आया है परीक्षा आयोजित की जाएगी। सीबीएसई अधिकारियों का यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है जब परीक्षा आयोजित किये जाने को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी और कई तरह की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। बहरहाल, मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हम 10वीं एवं 12वीं कक्षा के लिए बोर्ड परीक्षा आयोजित करने की खातिर तैयार हैं जो देश में कोविड-19 के मद्देनजर लागू लॉकडाउन के कारण लंबित है। यह परीक्षा उन 29 विषयों के लिये यथा-संभव समय पर आयोजित की जायेगी जो अगली कक्षा में प्रोन्नति और स्नातक कोर्स में दाखिले के लिये महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को परीक्षा आयोजित किये जाने से कम से कम 10 दिन पहले नोटिस दिया जाएगा।

परीक्षा हो चुकीं, उनका होगा मूल्यांकन : अधिकारी ने कहा, राज्यों से कहा गया है कि जिन विषयों की परीक्षा पहले ही ली जा चुकी है, उनकी मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने बताया कि सीबीएसई 29 विषयों की सूची से बाहर के विषयों में अंक देने या मूल्यांकन करने के लिये निर्देश जारी करेगा।

अब तक 8 परीक्षाएं स्थगित : गौरतलब है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण 10वीं एवं 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा आठ निर्धारित परीक्षा तिथियों को आयोजित नहीं की जा सकी थी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व दिल्ली में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति के कारण भी परीक्षा चार तय परीक्षा तिथियों को नहीं ली जा सकी थी।

पूर्व तट रेलवे द्वारा लॉकडाउन के दौरान कोयला की 2683 ट्रेनों का परिवहन

भुवनेश्वर। राष्ट्रव्यापी लॉक डाउन एवं कोविड-19 कहर के बावजूद रेल मंत्रालय ने संपूर्ण देश में आवश्यक वस्तुओं की निर्वाद आपूर्ति किया है। आवश्यक वस्तुओं में भारतीय रेल में खाद्यान्न पेट्रोलियम उत्पाद कोयला फल व सब्जियाँ, दुध, खाद्य तेल, शक्कर व नमक एवं दवाईयों की आपूर्ति कर रहा है। देश के ऊर्जा संयंत्रों को ध्यान में रखते हुए पूर्व तट रेलवे ने इन्हें कोयला की निर्वाध आपूर्ति की चुनौती को स्वीकार किया। लॉकडाउन के दौरान देश के विभिन्न स्थानों पर पूर्व तट रेलवे ने कोयले की 2683 ट्रेनों को भेजा। तालचेर क्षेत्र, पारादीप, विशाखापटनम व धामरा से देश के विभिन्न भागों में कोयला परिवहन किया गया। 22 मार्च से 27 अप्रैल 2020 तक, लॉकडाउन अवधि में पूर्व तट रेलवे ने 10.50 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति 2683 ट्रेन के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर भेजा। संपूर्ण एशिया में सबसे बड़ा लोडिंग प्वाइंट है पूर्व तट रेलवे का तालचेर महानदी कोल फील्ड लि. के 11 कोयला लदान केंद्र है, जहाँ से एनटीपीसी के ऊर्जा संयंत्रों एवं दक्षिण भारत के अन्य ऊर्जा संयंत्रों में पारादीप बंदरगाह समुद्री मार्ग एवं रेल मार्ग से कोयला भेजा जाता है। तालचेर इस्पात संयंत्रों, राउरकेला, विजाग केप्टिव पॉवर प्लांटस तथा देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित अन्य उद्योगों को कोयला आपूर्ति करता है। बिजली आपूर्ति प्रत्येक घरों में लाइट, पंखा, टीवी, एसी, रेफ्रिजरेटर एवं अन्य विद्युत उपकरणों के उपयोग हेतु प्रत्येक के लिए आवश्यक है।

पेज एक के शेष

बैंड खामोश, धुमाल का ...

में होने वाले कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। बैंड पार्टी वालों के लिए गर्मी के दौरान अधिक से अधिक आर्डर मिलते हैं। चूंकि सारे काम ही बंद हो गए, इससे जुड़े लोगों की रोजी रोटी छिन गई है। उन्होंने बताया कि पूरे सीजन के दौरान 10 लाख तक की कमाई हो जाती थी। इनमें लेबर और अन्य लोगों का भुगतान करने के बाद पांच लाख रुपए तक बच जाता था।

बैंक कर्ज माफी ...

विकल्प नहीं बचा है। लंदन के कोर्ट ने उनकी अपील को खारिज कर दिया है। इससे पहले वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने भी कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला और लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए नसीहत दी कि इस बात पर उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए कि वह अपने कार्यकाल में सिस्टम की सफाई का काम क्यों नहीं कर पाए। वित्तमंत्री ने मंगलवार देर रात एक के बाद एक कई ट्वीट कर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को आत्मावलोकन करना चाहिये कि उनकी पार्टी पूरे तंत्र को साफ- सुथरा बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाने में क्यों असफल रही। कांग्रेस ने न तो सत्ता में रहते और न ही विपक्ष में रहते हुये भ्रष्टाचार और भाई- भतीजावाद को रोकने के प्रति कोई प्रतिबद्धता नहीं दिखाई। सीतारमण ने कहा, 'राहुल गांधी और कांग्रेस के प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। वह कांग्रेस के मूल चरित्र की तरह बिना किसी संदर्भ के तथ्यों को सनसनी बनाकर पेश कर रहे हैं।

इधर, नीरव के...

में पंजाब नेशनल बैंक से दो अरब डालर (चौदह हजार करोड़ रुपये से अधिक) के कर्ज की धोखाधड़ी और मनी-लांड्रिंग के मामले में अभियुक्त है। उसे भारत में भगोड़ा घोषित किया जा चुका है।

नीरव, मेहुल, माल्या की ...

पिछले साल 18 नवंबर को दिया गया था। कांग्रेस व राहुल गांधी को खुद से पूछना चाहिए कि उन्होंने भ्रष्टाचार को क्यों खत्म नहीं किया। भ्रष्टाचार व मित्रवाद को खत्म करने के लिए उन्होंने न तो सत्ता में रहते कोई प्रतिबद्धता दिखाई और न ही विपक्ष में कभी भी प्रतिबद्धता दिखाई।

सूरजपुर के बाद जशपुर ...

रेपिड एंटीबॉडी टेस्ट किट से जांच के दौरान कोरोना संक्रमित लोगों की पहचान में सहूलियत हो रही और दो दिन के भीतर इस तरह ग्यारह मामले सामने आए हैं। सूरजपुर जिले में कोरोना की पुष्टि होने के बाद बुधवार सुबह जशपुर जिले के एक शिविर में कोरोना का मामला सामने आ गया। रेपिड टेस्ट किट से हो रही जांच में जशपुर के ग्राम लुड़ेंग के शिविर में रहने वाले एक 25 वर्षीय युवक को रेपिड एंटीबॉडी टेस्ट में पाजिटिव पाया गया है। युवक मूलतः बिहार का रहने वाला है और उसे अपने राजनांदगांव से लाकर शिविर में ठहराया गया था। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के मुताबिक शिविर में उसके साथ रुके 34 लोगों की जांच रेपिड टेस्ट किट से की गई थी, जो निगेटिव आई है। 25 वर्षीय युवक को इलाज के लिए एम्स में दाखिल किए जाने की तैयारी है। इसी तरह सूरजपुर के ग्राम जजावर के शिविर में ठहराए गए 58 वर्षीय मजदूर के सैंपल की रिपोर्ट पंडित जेएन मेडिकल कालेज में पाजिटिव आई थी, उसे भी एम्स में दाखिल किया गया है। शिविर में रेपिड टेस्ट किट के माध्यम से जांच की गई और वहां तैनात आरक्षक सहित नौ अन्य लोगों की एंटीबॉडी टेस्ट में पाजिटिव रिपोर्ट आई। नियम के मुताबिक इन मजदूरों और श्रमिकों के कोरोना पाजिटिव होने की पुष्टि एम्स में होने वाले आरटीपीसीआर टेस्ट के बाद ही होगी। दोपहर विशेष एबुंलेंस के माध्यम से एम्स पहुंचे श्रमिकों को आईसोलेशन वार्ड में रखा गया और लिए गए स्वाब के सैंपलों की जांच शुरू की गई है। एम्स सूत्रों के मुताबिक सैंपलों की जांच और रिपोर्ट आने में छह घंटे का वक्त लगता है, इसलिए माना जा रहा है कि वे कोरोना संक्रमण के शिकार हैं अथवा नहीं, इस बात की पुष्टि गुरुवार सुबह होगी। वहीं मूलतः झारखंड में रहने वाले 58 वर्षीय मजदूर को इलाज के लिए एम्स में दाखिल किया गया है।

महिला एसडीएम ने ...

का आरोप है कि एसडीओपी ने उन्हें जले भेजने की धमकी दी और पुलिस अधिकारी होने का धौंस भी दिखाया। बाद में उस अधिकारी और उनके परिवार को लेकर एसडीओपी फारेस्ट विभाग के गेस्ट हॉउस चले गए। महिला अधिकारी का आरोप है कि जब उन्होंने इसकी शिकायत कलेक्टर से की तो उन्हें जानकारी दी गई कि दरअसल वह आईपीएस अधिकारी थे। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि आईपीएस रैंक के वह अधिकारी कौन था। बहरहाल महिला एसडीएम के इस शिकायत के बाद प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मचा हुआ है और यह विवाद गहराता नजर आ रहा है।

कोरोना महामारी और बेमौसम बारिश से किसानों को भारी नुकसानः भाकियू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- किसानों को चाहिए 1.50 लाख करोड़ का आर्थिक पैकेज
- भाकियू ने नुकसान की भरपाई करने की मांग को लेकर पीएम मोदी को लिखा पत्र

देश में कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण लॉकडाउन और फिर बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से देशभर में किसानों की रबी की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसके कारण किसान आर्थिक रूप से तंगी झेलने को मजबूर है। भारतीय किसान यूनियन ने किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने के लिए मोदी सरकार से 1.50 लाख करोड़ रुपए का आर्थिक पैकेज जारी करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बेमौसम बारिश और लॉकडाउन के कारण किसानों की फसलों की बर्बादी और प्रभावित हो रही खरीफ की बुआई के कारण हो रहे नुकसान की भरपाई करने हेतु 1.50 लाख करोड़ के पैकेज जारी करने के संबंध में एक पत्र लिखा है। भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि देश में कोरोना वायरस के संकट में लॉकडाउन के कारण आर्थिक तंगी में आए किसानों और दूसरी ओर बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से रबी की खड़ी फसल की बर्बादी से किसानों आर्थिक कमर तोड़ दी।

CHHATTISGARH HOUSING BOARD DIVISION JAGDALPUR, BODHGATH COLONY, JAGDALPUR

Website: www.cghb.gov.in, Ph: 07782-231170, Mob: 094242-09020.
Advt.No. 70 Dt. 29.04.2020

CGHB invites Technical & Financial offer as per Request for Proposal from qualified and experienced firms (criteria as per in RFP document) for providing "Project Management Consultancy Services" for Proposed Township for NMDC Ltd at Niyanar Jagdalpur (C.G.)

Name of Project	Area of Land	Approx.Estimated cost put to bid Value
RFP for selection of Consultant for Project Management consultancy (PMC) for Proposed Township for NMDC Ltd at Niyanar Jagdalpur.C.G.	118.00 Acres (47.86 hect.)	Rs. 1768.56 Crs.

The bidder has to submit process fee of Rs. 10,000.00 & Bid Security of Rs. 18.00 lakhs both in the form of DD/BG of any Nationalized Indian Bank with offer. The offer shall be submitted either by hand/ Courier/ Speed post in the office of EE CGHB Div. Jagdalpur C.G. up to 4:00 AM dt. 22/05/2020, other conditions may be seen on website.

S-25241/2 Executive Engineer

केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड
(निगमित अक्षमता शोधन प्रक्रिया अंतर्गत)
रूचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुति हेतु समयसीमा में विस्तार

केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड (''केएसकेएमपीसीएल'') के संदर्भ में इच्छुक शोधन आवेदकों से शोधन योजना प्रस्तुत करने हेतु ''रूचि की अभिव्यक्ति'' (ईओआई) आमंत्रण सूचना ''द इकोनामिक टाइम्स'' एवं अन्य समाचार पत्रों में 8 जनवरी 2020 को प्रकाशित की गई थी जो अक्षमता एवं दिवालिया कोड, 2016 की धारा 25(2)(एच) के प्रावधानों अंतर्गत थी, एवं ईओआई प्रस्तुति में तिथि विस्तार 30 अप्रैल तक करते हुए सूचना 31 मार्च एवं 1 अप्रैल 2020 को प्रकाशित की गई थी।

इच्छुक शोधन आवेदकों से ईओआई प्राप्ति की अंतिम तिथि पुनः 31 मई 2020 को 6.00 बजे अपरान्ह भारतीय समय तक के लिए विस्तारित किया जाता है।

अद्यतन प्रारूप जी एवं ''ईओआई प्रक्रिया दस्तावेज'' कंपनी की वेबसाइट [http://ksk.co.in/kmpcl] पर अपलोड कर दिया गया है। अद्यतन प्रारूप जी आईबीबीआई की वेबसाइट [http://ibbi.gov.in/resolution-plans] पर भी प्रकाशित किया जायेगा।

किसी प्रकार के स्पष्टीकरण या अन्य सूचना के लिए कृपया ip.mk.ksk@in.pwc.com को लिखें।

हस्ता/-
महेन्दर कुमार खंडेलवाल
अंतरिम शोधन पेशेवर
कृते केएसके महानदी पॉवर कंपनी लिमिटेड
पंजी. सं.: आईबीबीआई/आईपीए-001/आईपी-पी00033/2016-2017/10086
बी-2ए, सन्नी वैली सी.जी.एच.एस., द्वारका सेक्टर 12, नई दिल्ली- 110078

दिनांक 30.04.2020
स्थान हैदराबाद

अमेरिका में नर्स का दावा वेंटिलेटर पर डालकर मारा जा रहा मरीजों को

वाशिंगटन। न्यूयॉर्क में कोरोना वायरस मरीजों का इलाज कर रहीं एक नर्स ने दावा किया है कि मरीजों को वेंटिलेटर पर डालकर 'मारा जा रहा है।' डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना मरीजों के इलाज के लिए नर्स अस्थाई तौर पर न्यूयॉर्क आ गई थीं। उन्होंने अपनी एक सहयोगी नर्स (जो कोरोना मरीजों के इलाज में शामिल नहीं है) को बताया कि यह सबकुछ डरावनी फिल्मों की तरह है। लोग बीमारी से नहीं मर रहे हैं, बल्कि जिस तरह इसे हैंडल किया जा रहा, वह खतरनाक है।

CSPDCL छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.मं. की उत्तरवर्ती कंपनी)
कार्या. कार्यपालन यंत्री (संचा/संधा) संभाग, छ.ग. स्टेट पावर डि.कं.लिमि., दुर्ग
CIN U40108CT2003SGC015822
Regd. Office Address :- Vidyut Sewa Bhawan, Daganiya, Raipur - 492013
website : www.cspdcl.co.in, Email ID :- eeonm.durg1@cseb.gov.in,
Phone No. 0788-2323169

// भवन किराये पर अनुबंध हेतु सूचना //

संचा/संधा संभाग दुर्ग के अंतर्गत सहायक यंत्री उपसंभाग गुण्डरदेही के कार्यालय हेतु भवन किराये पर अनुबंध करने हेतु ग्राम गुण्डरदेही में मुख्य मार्ग में भवन की आवश्यकता है। भवन निम्न आवश्यकताओं को पूर्ण करना चाहिए : [illegible]

टिप्पणी: [illegible]

(इंजी. ए.डी.टण्डन)
9333807
कार्यपालन यंत्री (संचा/संधा) संभाग,
छ.ग.स्टे.पा.डि.क.लि. दुर्ग

संवाद- 25237/2

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
शुद्धिपत्र क्र.-1

इस कार्यालय द्वारा जारी **ई-निविदा सूचना संख्या:डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-04-2020-21,दिनांक: 03.04.2020,** में निम्न **संशोधन** किया जाता है: **निविदा जमा की अंतिम तिथि: पूर्व में प्रकाशित:** 29.04.2020, **अब इस प्रकार पढ़ा जाये: 11.05.2020.** उपरोक्त ई-निविदा संशोधन सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
द.पू.म.रे.,बिलासपुर
सीपीआरए/10/32
South East Central Railway @secrail

किम्स में बालक की सांस नली से दूध का दांत निकाला

भुवनेश्वर। कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस (किम्स) ने 7 वर्षीय बालक के श्वसन नली से दूध का दांत बाहर सफलतापूर्वक निकाला गया इसमें लगभग आधे फेफड़े को बाधित कर दिया था कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में इस प्रक्रिया को सहजता से पूर्ण किया गया। सोरो, बालासोर के इस बालक ने नींद से जगने के बाद सांस लेने में कठिनाई महसूस किया और खांसी होने के बाद उसे स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया किंतु सही निदान न होने के कारण इलाज ना हो सका, किम्स वरिष्ठ दंत सर्जन डॉक्टर खगेश्वर राउत ने मरीज का परीक्षण किया और पाया उसका दूध का एक दांत गायब है कंप्यूटर द्वारा टोमोग्राफी से ज्ञात हुआ कि दायें ब्रोंकस में एक दांत फंसा है। मरीज के अभिभावकों से विमर्श के बाद इलाज की तैयारी की गई इन रिलेशन पर रखे गए मरीज की वो करो स्कोपी कराई गई।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरदायी कम्पनी)

क्र. का.यं./का./सा./प्रकाशन/93 — कांकेर, दिनांक 29.04.2020

-:: बिजली बंद होने की सूचना ::-

सभी सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, उपसंभाग कांकेर में मानसून पूर्व मरम्मत कार्य किया जाना है। अतएव नीचे दिये गई सारणी के अनुसार, अग्रलिखित दिनांक को निर्धारित समयावधि में दर्शाये गये स्थानों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा।

क्र.	दिनांक	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	30.04.2020 समय प्रातः 10:00 बजे से 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. माकड़ी, मरकाटोला एवं केसकाल फीडर	इस लाईन के अंतर्गत आने वाले सभी माकड़ी, नाथियानवागांव, सिंगारभाट, पत्थरी, जंगलवार एवं आने वाले अन्य ग्रामों के विद्युत व्यवस्था प्रभावित रहेगी।
2	01.05.2020 समय प्रातः 10:00 बजे से 04:00 बजे तक	33 के.व्ही. केसकाल एवं 11 के.व्ही. पीढ़ापाल फीडर	33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सिंगारभाट के अंतर्गत आने वाले सभी ग्राम [illegible]
3	02.05.2020 समय प्रातः 09:00 बजे से 04:00 बजे तक	11 के.व्ही. पीढ़ापाल फीडर	[illegible]

[illegible]

नोट :- आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। असुविधा के लिए खेद है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"

(ए.ए.सिद्दीकी)
कार्यपालन यंत्री (संचा/संधा)
छ.ग.स्टेट पॉ.डि.क.लि.कांकेर

मोर Raipur SMART CITY — OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED, RAIPUR (C.G.)

e-Procurement Tender Notice
MainPortal:http://eproc.cgstate.gov.in
(Call-4th)

NIT NO:251/RSCL/2020 — RAIPUR DATED:29-04-2020

Online bids are invited for the following works of works upto 13.05.2020 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tendder No.	Name of Work	Probable Amount	Earnest Money Deposit	Eligible Class of Contractor/Firm	Time Period
1.	63373	Installation, commissioning of 100 TPD C&D Waste disposal plant and O&M for the period of 20 years.	6.00 Cr.	5.00 Lacs	Registered contractor/firms/institutions incentralGovernment/CGGovernment/ Municipal Corporation/Public undertaking for similar work on GoC e-Procurement System	As per RFP

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 29.04.2020 2.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

NOTE: 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal. 2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process Of Electronic Procurement System. Help Deskat Toll Free No. 18004199140 or through Email ID help desk.eproc@cgswan.gov.in, 3. For More Details please download NIT details. 4. For event Description please downloaded corrigendum.

MANAGER (CIVIL)
RAIPUR SMART CITY LTD. RAIPUR(C.G.)

राशिफल

मेष — संचित धन में कमी आ सकती है। भाइयों से सम्बन्ध सुधरेंगे। किसी मित्र के सहयोग से किसी नये कारोबार के अवसर भी मिल सकते हैं।

वृष — मन को कुछ शान्ति मिलेगी। सम्पत्ति के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नौकरी के अफसरों से मतभेद बढ़ सकते हैं। आय में कमी आएगी।

मिथुन — वाणी में सौम्यता रहेगी। आशा निराशा के मिश्रित भाव मन में रहेंगे। आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं, परन्तु खर्चों की भी अधिकता रहेगी।

कर्क — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता के भाव रहेंगे। खान-पान के प्रति सचेत रहें। उदर विकार से पीड़ति हो सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — परिवार की समस्या अभी बनी रहेगी। मानसिक शान्ति तो रहेगी, परन्तु स्वभाव में चिड़चिड़ापन भी रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

कन्या — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र का विस्तार भी होगा। पिता को स्वास्थ्य विकार हो सकता है। खर्च बढ़ेंगे।

तुला — शैक्षिक एवं भौतिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी।

वृश्चिक — सेहत का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। मन अशान्त रहेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा।

धनु — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

मकर — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। माता का सहयोग मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं।

कुंभ — मित्रों का सहयोग मिलेगा। माता को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है।

मीन — क्रोध की अधिकता रहेगी। बातचीत में संयत रहें। परिवार का सहयोग मिलेगा। सन्तान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

शब्द पहेली - 4064



बाएं से दाएं
1.पवनपुत्र,हनुमान-3,3
5.मजार-4
8.बगीचा (अंग्रेजी में-2)
9.तहजीब,तमीज-3
10.सत्य,तेज-2
11.पतंगा-4
12.ईसाई साध्वी-2
14.इंकार करना-4
16.उत्तम,आदर्शवादी-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
20.पागलपन,सनक-5
23.पालन-पोषण-5
26.आनंद लेना-2,2
27.बेईमानी,अमानत में खयानत-3
29.अप्रधान,गौण-4
30.ठाठ-बाट-2
32.अति काला,एक प्रकार की लकड़ी-4
33.रहस्य-2
35.गरुड़ जो रावण से लड़ा था-3
36.कमरा,रूम-2
37.जल में रहने वाला-4
38.धर्म के उपदेश देनेवाला-6

ऊपर से नीचे
1.पलायन करने वाला-6
2.जंगल-2
3.दांत से छोटे टुकड़े करना-4
4.जिव्हा,जीभ-3
5.घर,भवन-3
6.यात्री गाड़ी-2
7.चौबीस घंटे का समय-4
11.परीक्षण करना-4
13.भीगा हुआ-2
15.खीजना-4
17.उपस्थिति-3
18.रोमांच,उद्वेग-4
19.संपत्ति-2
21.उचित,सही-3
22.पंख,पराया-2
24.देश निर्वासन-4
25.अंगरक्षक-3,3
27.हाथी-4
28.मद,सरूर-2
29.अनुसार,समान-4
31.निगाह,दृष्टि-3
32.हथियार-3
34.पानी,नीर-2
36.सिगरेट का धुआं खींचना,सुट्टा-2

शब्द पहेली- 4063 का हल



सूडोकू नवताल - 4066 (मध्यम)

8	2			6			1	
	6		8	9			7	5
3			1					2
	3		4				6	
6		2		1		4		3
	8				5		2	
2					3			1
5	1			7	6		4	
	9			4			3	6

सूडोकू नवताल - 4065 का हल

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

MANGAL SENACHA, BANGALORE